## खबर संक्षेप

### किराये के मकान में प्रेमी का मर्डर करके प्रेमिका हुई फरार

**पलामू।** पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के नगर पंचायत के बारा में प्रेमिका एक किराए के मकान में अपने प्रेमी की हत्या कर फरार हो गयी। पुलिस ने उसे मेदिनीनगर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया है कि रविवार की रात करीब 9:30 बजे प्रेमिका अपने प्रेमी की हत्या करके फरार हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन की। पता चला कि नौडीहा बाजार के कवल पंचायत के भीतिहरवा गांव का अनुज कुमार यादव नौडीहा बाजार में निजी अस्पताल चलता था। अनुज को अपने ही अस्पताल की नर्स से प्रेम हो गया। नर्स पलामू जिले के ही चैनपुर की रहने वाली है। अनुज अपनी प्रेमिका के साथ छतरपुर के बारा में विनोद प्रजापति के यहां एक मकान किराए पर लेकर वहां रहने लगा। पुलिस ने यह भी कहा है कि मृतक अनुज शादीशुदा था। उसके दो बच्चे भी हैं।

### दुकानदार ने गोली मारकर की आत्महत्या

**हमीरपुर।** यूपी के हमीरपुर से सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां एक ब्रेकरी की दुकान चलाने वाले एक 25 साल के युवक ने सोमवार की सुबह दुकान के अंदर तमंचे से कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली चलने की घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया है। उधर, युवक की आत्महत्या से परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं, घटना के पीछे लेनदेन के साथ ही प्रेम प्रसंग का मामला बताया जा रहा है। ये घटना भरुआ सुमेरपुर कस्बे के बांकी रोड का है। रामबाबू सोनी की अपने ही घर में ब्रेकरी की दुकान है। सोमवार की सुबह 10 बजे के आसपास रामबाबू का 25 साल का बेटा मोंटी सोनी दुकान में बैठा हुआ था। वहीं, पिता और अन्य परिजन घर में अंदर थे, तभी तमंचे से गोली चलने की आवाज से आसपास हड़कंप मच गया।

### सरकारी स्कूलों में बच्चों को ट्यूशन देंगे कॉलेज के टीचर

**पटना।** बिहार के सरकारी स्कूलों में अब बच्चों को कॉलेजों के टीचर ट्यूशन देंगे। शिक्षा विभाग ने बच्चों में विज्ञान को लेकर जागरुकता बढ़ाने के लिए इस योजना की शुरुआत की है। शिक्षा विभाग की ओर से कहा गया है कि अब सरकारी स्कूलों के बच्चों को इंजीनियरिंग व पॉलिटेक्निक कॉलेजों के शिक्षक पढ़ाएंगे। इन कॉलेज शिक्षकों को रोस्टर बनाकर हर दिन एक घंटा पढ़ाना है। उन्हें 15 वें दिन अपनी रिपोर्ट भी जमा करनी होगी। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ। एस सिद्धार्थ और विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने इसको लेकर निर्देश जारी किए हैं।

# दो बच्चों के साथ महिला ने खाया जहर, मां-बेटी की मौत



एजेंसी | भदोही

भदोही में कोइरौना थाना क्षेत्र के अरई गांव में एक ही परिवार के तीन सदस्यों ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। अस्पताल ले जाने पर मां-बेटी की मौत हो गई। बेटे की हालात गंभीर होने पर रेफर कर दिया गया। घटना के पीछे घरेलू विवाद और आर्थिक हालात खराब होने की बात सामने आ रही है। मृत महिला के भाई की तहरीर पर पुलिस ने उसकी सास और जेठानी के खिलाफ केस दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि उनसे जमीन का विवाद चल रहा था।

### मृतक की मानसिक और आर्थिक हालात ठीक नहीं

अरई गांव निवासी सुनील तिवारी की मानसिक और आर्थिक हालात ठीक नहीं है। पत्नी 45 वर्षीय सुमन तिवारी पर पूरे परिवार का बोझ था। उसने कई समूहों और लोगों से उधार ले रखा था। परिवार में मकान के बटवारे को लेकर भी विवाद चल रहा था। रविवार दोपहर भी परिवार में बंटवारे को लेकर विवाद हुआ। इसके कुछ देर बाद सुमन ने 22 वर्षीय बेटी कोमल तिवारी और 18 वर्षीय बेटे गोलू के साथ विषाक्त पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचित कर तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने मां और बेटी को मृत घोषित कर दिया। गोलू की गंभीर हालत में प्रयागराज के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. तेजवीर सिंह ने बताया कि मृतका का सास और जेठानी से जमीन विवाद चल रहा था। रविवार को कहासुनी के बाद मां व बेटी की जहर खाने से मौत हो गई। सुमन के भाई की तहरीर पर सास और जेठानी पर केस दर्ज कर लिया गया है।

### गांव में छाया सियापा, कर्ज देने वाले के मोबाइल बंद

अरई गांव में मां व बेटी की मौत के बाद ब्राह्मण बस्ती में सियापा छा गया। इतना ही नहीं, समूहों से पैसा उधार लेने की जानकारी पर जब पुलिस ने फोन लगाया तो उनके मोबाइल बंद मिले। घटना की जानकारी के कुछ ही देर बाद प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार फॉरेंसिक विभाग की टीम के साथ गांव पहुंची। इस दौरान जहर के खाली पैकेट समेत अन्य सामानों को पुलिस ने अपनी गिरफ्त में लिया।

### मरने पर कर्ज हो जाएगा माफ, जोड़कर मिलेगा पूरा पैसा!

सुनील तिवारी की पत्नी सुमन तिवारी को आज यानि सोमवार को एक समूह संचालक को 11 हजार रुपये देने थे। शनिवार को किसी कर्जदार से उन्होंने पूछा था कि क्या मरने पर ऋण माफ हो जाएगा तो उस पर उसने जोड़कर और रुपया देने की बात कही थी। मां-बेटी की मौत को पुलिस घरेलू विवाद बता रही है कि जबकि परिजन आर्थिक तंगी। हालांकि सच क्या है, यह तो पुलिस जांच में ही क्लियर होगा। उक्त गांव निवासी सुनील तिवारी की मानसिक हालात ठीक नहीं है। इसके कारण वह कोई काम धंधा नहीं करते थे। जमीन भी अधिक न होने के कारण परिवार को गुजारा नहीं हो पाता था। मृतका की सास महराजी देवी ने मीडिया को बताया कि बहू ने कई समूह, बीसी संचालकों से कर्ज लिया था। आए दिन लोग तगादा करने आते थे। किसी ने उससे मरने पर कर्ज माफ होने के साथ ही अधिक रुपया मिलने की बात कही। दावा किया कि बहू, बेटे, पोते व पोती को भोजन, साबुन आदि जरूरत के सामान तीन अन्य बेटों क परिजनों से मिलने पर वह चोरी छिपे दे दिया करती थीं। सुमन की माली हालात ठीक नहीं थी। जिसके कारण उसने रविवार को घातक कदम उठाया। पत्नी, बेटी की मौत तथा बेटे के जिंदगी व मौत के बीच जूझने के बीच भी रविवार को पति पुलिस के सामने नजर नहीं आए। गांव के लोगों ने बताया कि मानसिक हालात ठीक नहीं है। कुनबा घरेलू परेशानियों के साथ ही रुपये-रुपये को मोहताज था।

# देसी शराब ठेके पर दो गैंग के झगड़े में फायरिंग

एजेंसी | बिजनौर

उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में शराब की एक दुकान पर दो गैंग के बीच झगड़े में गोलियां चल गईं जिसमें संयोग से कोई घायल या हताहत नहीं हुआ है। शराब के ठेके पर गोलीबारी से मौजूद लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई। फायरिंग की सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची लेकिन तब तक दोनों गुट के लोग फरार हो चुके थे। पुलिस ने घटना की जांच के लिए ठेके के सेल्समैन को हिरासत में ले लिया है। देश में आज ही से भारतीय न्याय संहिता लागू हुई है और अलग-अलग जगहों से नए कानून के तहत दर्ज पहले केस की खबरें आ रही हैं।

### दो गुटों में विवाद



मिली जानकारी के अनुसार चांदपुर क्षेत्र में दतियाना रोड पर देसी शराब के ठेके पर किसी बात को लेकर दो गुटों में विवाद हो गया। इस बीच एक गुट ने तमंचों से फायरिंग कर दी। फायरिंग से मौके पर अफरा-तफरी और भगदड़ मच गई। गनीमत रही कि किसी को गोली नहीं लगी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शराब ठेके के सेल्समैन को हिरासत में ले लिया है। दतियाना रोड स्थित देसी शराब के ठेके पर रविवार की देर रात कुछ युवक शराब पी रहे थे। तभी कुछ और युवक वहां पहुंचे जिसके बाद दोनों गुट में किसी बात पर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद ने झगड़े का रूप ले लिया और दोनों पक्षों के लोग एक-दूसरे को गालियां देने लगे। झगड़ा बढ़ता देख एक गैंग के सदस्यों ने तमंचा निकाल लिया और फायरिंग करने लगे। देखते ही देखते फायरिंग शुरू हो जाने से वहां भगदड़ मच गई। दुकान पर मौजूद लोग जान बचाकर भागे। सूत्रों के मुताबिक दोनों गुट के लोग चांदपुर इलाके के रहने वाले हैं और दोनों के बीच पहले से विवाद चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सेल्समैन को हिरासत में ले लिया है।

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से जिंदा जला नाबालिग



**भीलवाड़ा।** जहाजपुर थाना क्षेत्र के बिलेठा ग्राम पंचायत के देव जी का भंडारिया कस्बे में सोमवार सुबह खेत में ट्रैक्टर ट्रॉली से खाद खाली करते समय 11 हजार केवी की लाइन की चपेट में आने से नाबालिग देवराज पुत्र नंदलाल गुर्जर की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, देवराज अपने खेत में देसी खाद डालने के लिए गया था। खेत में खाद डालने के लिए जैसे ही देवराज ने ट्रॉली के डंपर को जैसे ही ऊपर उठाया, वैसे ही ट्रॉली खेत के ऊपर से गुजर रही 11 हजार केवी की लाइन की चपेट में आ गया और देखते ही देखते ट्रैक्टर ने आग पकड़ ली।

### छात्र ने स्कूल में तीन छात्रों पर चाकू से किया हमला

**अस्पताल में भर्ती**



**लखीसराय।** लखीसराय जिले के बड़हिया थाना क्षेत्र के नगर परिषद के वार्ड नंबर 6 स्थित श्री कृष्ण मध्य विद्यालय में सोमवार को लंच ब्रेक के दौरान दो छात्रों में मारपीट हो गई। जिसके बाद गुस्से में आकर एक छात्र ने जेब से चाकू निकालकर दूसरे छात्र पर हमला कर दिया। इस दौरान उसे बचाने आए दो छात्र भी घायल हो गए। तीनों घायल छात्रों को शिक्षकों ने तत्काल बड़हिया रेफरल अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनका इलाज किया जा रहा है। घायल तीन छात्रों में एक आठवीं कक्षा का तथा दो सातवीं कक्षा के छात्र हैं। हमला करने वाला छात्र भी सातवीं कक्षा का छात्र है। घायल छात्रों की पहचान बड़हिया नगर के वार्ड संख्या 5 निवासी संजय सिंह के पुत्र ऋषभ कुमार, राजाराम कुमार के पुत्र सुजीत कुमार तथा वार्ड संख्या 6 निवासी गुड्डू सिंह के पुत्र ऋषिकेश कुमार के रूप में की गई है। इस संबंध में स्कूल के प्रिंसिपल पुरुषोत्तम कुमार ने बताया कि स्कूल में लंच ब्रेक के दौरान दो बच्चों में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। इस दौरान एक छात्र ने तीन छात्रों पर चाकू से हमला कर दिया।

# महिला चिकित्सक ने वार्ड पार्षद का काटा गुप्तांग

**दो साल से दोनों में चल रहा था प्रेम प्रसंग**

एजेंसी | सारण

सारण जिले के मढ़ौरा में एक निजी अस्पताल की कथित महिला चिकित्सक ने सोमवार को नगर पंचायत वार्ड संख्या-12 के पार्षद प्रेमी वेद प्रकाश का गुप्तांग काटकर बाथरूम के नाले में बहा दिया। घटना की जानकारी मिलते हीं पुलिस मौके पर पहुंची। फिर, जख्मी वार्ड पार्षद को इलाज के लिए छपरा सदर अस्पताल भेजा गया। वहीं, महिला चिकित्सक को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। महिला चिकित्सक का कहना है कि वार्ड पार्षद वेद प्रकाश से उसका पिछले दो सालों से प्रेम प्रसंग चल रहा था।इस दौरान, वह कई बार शादी करने का झूठा आश्वासन देकर यौन संबंध बनाता था और फरार हो जाता था। दो बार गर्भपात भी करना पड़ा, लेकिन इसके बाद भी उसने शादी नहीं की।



### 30 जून को शादी करने का दिया था आश्वासन

महिला चिकित्सक ने पुलिस से बताया कि कोर्ट मैरिज के लिए कागज तैयार हो गया था उसके बाद भी वह नहीं पहुंचा। मैं अपने भाई राहुल कुमार से भी उसको मिलवाई शादी की बात बन गई थी। इसके बाद वार्ड पार्षद वेद प्रकाश 30 जून को शादी करने का आश्वासन दिया था, लेकिन शादी नहीं की। प्रेमी मिलने पहुंचा तो महिला चिकित्सक ने उसका गुप्तांग काट के बाथरूम के नाले में बहा दिया। महिला चिकित्सक ने पुलिस को बताया कि करीब वार्ड पार्षद ने तीन-चार बार शादी का डेट फिक्स किया और पहुंचा नहीं। इसलिए मैंने यह कदम उठाया। सारण के मढ़ौरा में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।




# ऑस्ट्रेलिया ने छात्र वीजा शुल्क किया दोगुना

**भारतीयों पर पड़ सकता है असर**

एजेंसी | कैनबरा

ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने देश में प्रवासियों की बढ़ती संख्या को नियंत्रित करने के लिए सोमवार से अंतरराष्ट्रीय छात्र वीजा शुल्क की राशि दोगुनी से ज्यादा बढ़ा दी। इस कदम का भारतीय छात्रों पर असर पड़ने की आशंका है। भारतीय छात्र ऑस्ट्रेलिया में अंतरराष्ट्रीय छात्रों का दूसरा सबसे बड़ा समूह हैं। सरकार ने नए नियमों में यह भी लागू किया है कि अस्थायी वीजा धारक अब ऑस्ट्रेलिया के भीतर छात्र वीजा के लिए आवेदन नहीं कर सकेंगे।

ऑस्ट्रेलिया की एंथनी अल्बनीज सरकार ने अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए वीजा शुल्क 710 ऑस्ट्रेलियन डॉलर (473 डॉलर) से बढ़ाकर 1600 ऑस्ट्रेलियन डॉलर (1068 डॉलर) कर दी है। सरकार ने इस नियम को 1 जुलाई से प्रभावी बनाया है। इसका उद्देश्य अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंची प्रवासियों की संख्या को नियंत्रित करना है। इससे आवास बाजार पर दबाव पड़ रहा है। नए नियमों के मुताबिक, अस्थायी वीजा धारक जैसे अस्थायी स्नातक, आगंतुक और समुद्री चालक दल के सदस्य अब ऑस्ट्रेलिया में रहने के दौरान छात्र वीजा के लिए आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे।




### बार-बार वीजा नहीं बढ़ेगा

ऑस्ट्रेलिया के गृह मामलों और साइबर सुरक्षा मंत्री क्लेयर ओ नील ने कहा कि यह परिवर्तन हमारी अंतरराष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली में अखंडता को बहाल करने में सक्षम होगा। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि केवल वास्तविक छात्रों को ही वीजा मिले, जिससे देश की आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिल सके। सरकार ने घोषणा की कि वह वीजा नियमों में खामियों को दूर कर रही है जो विदेशी छात्रों को ऑस्ट्रेलिया में अपने प्रवास को बार-बार बढ़ाने की अनुमति देते थे।

### अन्य देशों की तुलना में शुल्क काफी ज्यादा

यह बदलाव वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया में रह रहे हजारों भारतीय और अन्य देशों के छात्रों को प्रभावित करेगा। ऑस्ट्रेलियाई सांख्यिकी ब्यूरो द्वारा मार्च में जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार 30 सितंबर, 2023 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान देश में विदेशी प्रवासियों की संख्या 5,48,800 थी। शुल्क वृद्धि से ऑस्ट्रेलिया में छात्र वीजा के लिए आवेदन करना अमेरिका और कनाडा जैसे प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में काफी महंगा हो गया है। अमेरिका में यह शुल्क लगभग 185 डॉलर और कनाडा में 110 डॉलर है।

### ऑस्ट्रेलिया में करीब 1.22 लाख भारतीय छात्र

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 2022 में ऑस्ट्रेलियाई संस्थानों में एक लाख से अधिक भारतीय छात्रों का नामांकन था। जनवरी-सितंबर 2023 की अवधि में 1.22 लाख भारतीय छात्र ऑस्ट्रेलिया में अध्ययन कर रहे थे।

# डाक विभाग द्वारा फिलैटलि के माध्यम से राष्ट्रीय उपलब्धि का उत्सव

**मुंबई।** आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 में भारत की ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में महाराष्ट्र डाक सर्कल ने किशन कुमार शर्मा, मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, महाराष्ट्र सर्कल के कुशल मार्गदर्शन में एक विशेष कैंसिलेशन जारी किया है। मुंबई जनरल पोस्ट ऑफिस (जीपीओ) में आयोजित इस समारोह की अध्यक्षता अमिताभ सिंह, पोस्टमास्टर जनरल (मेल्स एवं व्यवसाय विकास), महाराष्ट्र सर्कल ने की और इस अनोखे विशेष कैंसिलेशन को जारी किया। इस समारोह में डॉ. सुधीर जाखेरे, सहायक पोस्टमास्टर जनरल (व्यवसाय विकास), महाराष्ट्र सर्कल और यादगिरी न्यालपेल्लि, सहायक निदेशक (पीएसआर) सहित मुंबई जीपीओ और मुंबई क्षेत्र के अन्य प्रतिष्ठित अधिकारी भी शामिल हुए।

### महत्वपूर्ण राष्ट्रीय घटनाओं को डाक टिकटों के माध्यम से स्मृति में रखने की रही है परंपरा



महत्वपूर्ण राष्ट्रीय घटनाओं को डाक टिकटों के माध्यम से स्मृति में रखने की डाक विभाग की एक समृद्ध परंपरा रही है, जो भारत की सांस्कृतिक और खेल के क्षेत्र की उपलब्धियों को संरक्षित करने और उनका उत्सव मनाने की अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। यह विशेष कैंसिलेशन वैश्विक क्रिकेट मंच पर देश की ताकत का प्रमाण है और डाक टिकटों के माध्यम से राष्ट्रीय गौरव को बढ़ावा देने के प्रति डाक विभाग के समर्पण को दर्शाता है। इस अवसर पर बोलते हुए अमिताभ सिंह, पोस्टमास्टर जनरल (मेल्स एवं व्यवसाय विकास), महाराष्ट्र सर्कल ने कहा कि हमें इस विशेष कैंसलेशन के साथ आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 में भारत की जीत को चिह्नित करते हुए प्रसन्नता हो रही है। यह पहल न केवल हमारी क्रिकेट टीम के उत्कृष्ट प्रदर्शन का उत्सव स्वरूप है, बल्कि ऐसे महत्वपूर्ण अवसरों को उत्साहपूर्वक मनाने में डाक विभाग की भूमिका को भी उजागर करती है।

### भारत की उपलब्धियों का सम्मान करने की प्रतिबद्धता

डॉ. सुधीर जाखेरे, सहायक पोस्टमास्टर जनरल (व्यवसाय विकास), महाराष्ट्र सर्कल ने कहा कि इस विशेष कैंसलेशन का विमोचन भारत की उपलब्धियों का सम्मान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अनूठी पहल के माध्यम से देश की खेल विरासत में योगदान देना डाक विभाग के लिए गर्व का क्षण है। भारत की गौरव यात्रा में महत्वपूर्ण मील के पत्थरों का उत्सव मनाने की अपनी परंपरा को जारी रखते हुए डाक विभाग ने आईसीसी टी-20 विश्व कप 2024 में देश की विजय का उत्सव मनाते हुए इस विशेष कैंसलेशन को जारी किया है।

# सोना-चांदी के दामों में गिरावट

**10 ग्राम सोना 71,626 पर आया**

**चांदी 88 हजार रुपए के नीचे आई**

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमतों में 1 जुलाई को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) की वेबसाइट के मुताबिक 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 209 रुपए गिरकर 71,626 रुपए पर आ गया है। कल इसके दाम 71,835 रुपए प्रति दस ग्राम थे। वहीं एक किलो चांदी 446 रुपए गिरकर 87,554 रुपए में बिक रही है। इससे पहले चांदी 88,000 रुपए किलो प्रति पर थी। इस साल चांदी 29 मई को अपने ऑल टाइम हाई 94,280 रुपए प्रति पर पहुंच गई थी।

### 4 महानगरों में सोने की कीमत



**दिल्ली:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 66,400 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 72,420 रुपए है।
**मुंबई:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 66,250 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 72,280 रुपए है।
**कोलकाता:** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 66,250रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 72,280 रुपए है।
**चेन्नई:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 66,850 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 72,930 रुपए है।

# इरेडा का कर्ज अप्रैल-जून में कई गुना बढ़ा

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (इरेडा) ने सोमवार को कहा कि उसने अप्रैल-जून 2024 में 9,136 करोड़ रुपये के कर्ज को मंजूरी दी, जो सालाना आधार पर कई गुना वृद्धि को बताता है। कंपनी का कर्ज वितरण भी 67.61 प्रतिशत बढ़कर 5,320 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 3,174 करोड़ रुपये था। इरेडा ने कहा कि 30 जून, 2024 तक कुल बकाया ऋण 63,150 करोड़ रुपये था, जो अप्रैल-जून 2023 के 47,207 करोड़ रुपये से 33.77 प्रतिशत अधिक है।

# विनिर्माण क्षेत्र की रफ्तार बढ़ी, रोजगार में रिकॉर्ड उछाल

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत के विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन जून में तेज गति से बढ़ा है। अनुकूल मांग परिस्थितियों के बीच नए ठेके मिलने जारी रहे और इसके परिणामस्वरूप रोजगार में रिकॉर्ड वृद्धि हुई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) जून में बढ़कर 58.3 हो गया जो मई में 57.5 था। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है। जून के आंकड़ों



के अनुसार भारत में विनिर्माताओं की बिक्री में मजबूत वृद्धि मुख्य रूप से मजबूत अंतर्निहित मांग, उच्च निर्यात और सफल विज्ञापन के कारण हुई। नए ठेके मिलने में लगातार बढ़ोतरी के परिणामस्वरूप कंपनियों द्वारा भर्ती में तेजी आई। रोजगार सृजन की दर तेज हुई और मार्च 2005 में डेटा संग्रह शुरू होने के बाद से सबसे मजबूत रही। एचएसबीसी की वैश्विक अर्थशास्त्री मैत्रेयी दास ने कहा, कंपनियों ने 19 वर्षों में सबसे तेज गति से अपनी नियुक्तियां बढ़ाईं। जून में कच्चे माल की खरीद भी बढ़ी। इस बीच, जून में नए निर्यात ठेकों में काफी वृद्धि हुई। कंपनियों ने विदेशों से नए काम के आने का श्रेय एशिया, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, यूरोप और अमेरिका से बेहतर मांग को दिया। एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल ने करीब 400 कंपनियों के एक समूह में क्रय प्रबंधकों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है।